

# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
## (जन–सम्पर्क शाखा)
## राजभवन, पटना–800022

*संख्या–53/2025*

## प्रेस–विज्ञप्ति

## राजभवन में महाराष्ट्र दिवस का आयोजन किया गया

**पटना, 10 मई, 2025 :–** माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन, बिहार के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया तथा महाराष्ट्र के निवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी एवं राज्य के प्रगति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र भारत के सबसे समृद्ध राज्यों में से एक है। महाराष्ट्र संतों, वीरों, स्वतंत्रता सेनानियों और नेताओं की भूमि है। शिवाजी महाराज का जीवन पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है। गोपाल कृष्ण गोखले ने महात्मा गाँधी का मार्गदर्शन किया। बाल गंगाधर तिलक ने भारत में स्वतंत्र पत्रकारिता की नींव रखी। गीता रहस्य नामक पुस्तक में उन्होंने भगवद्गीता की काफी अच्छी व्याख्या की है।

राज्यपाल ने महाराष्ट्र की संत परंपरा की चर्चा करते हुए कहा कि संत ज्ञानेश्वर ने मराठी में गीता का अनुवाद किया। किसी भी भारतीय भाषा में भगवद्गीता का अनुवाद कर व्याख्या लिखनेवाले वे पहले भारतीय थे। उन्होंने संत नामदेव, संत एकनाथ, समर्थ गुरू रामदास आदि संतों के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के संतों ने बताया कि मानव सेवा ही माधव सेवा है। दुनिया का त्याग करके संन्यास लेना ही भक्ति नहीं है, बल्कि असली भक्ति दूसरों का दर्द बाँटना है।

राज्यपाल ने कहा कि महाराष्ट्र की विरासत भारत की विरासत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में महाराष्ट्र महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल श्री सी०पी० राधाकृष्णन के वीडियो संदेश, महाराष्ट्र राज्य पर आधारित वीडियो तथा महाराष्ट्र के राज्य गीत का प्रसारण किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र की संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

**आगे पृष्ठ...2 पर**

कार्यक्रम को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती हरजोर कौर बम्हरा, महाराष्ट्र मंडल के सचिव श्री संजय भोसले एवं सदस्य मल्लिकार्जुन आरले ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बिहार में पदस्थापित महाराष्ट्र के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण, बिहार में रहकर पढ़ाई करनेवाले महाराष्ट्र के छात्र–छात्राएँ, बिहार में रह रहे महाराष्ट्र के महानुभावगण एवं उनके परिजन, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

..........................................